हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

website:http://moradabadparhari.com

RNI. No. : UPHIN/2021/83522

# मुरादाबाद प्रहरी

जनपद बिजनौर, रामपुर, जे.पी. नगर (अमरोहा), सम्भल एवं मुरादाबाद से प्रसारित

स्कैन करें, चैनल सब्सक्राईब करें।

समाचार पत्र की सदस्यता लें, भुगतान करें।

वर्ष : 04 | अंक : 36 | मुरादाबाद से प्रकाशित | 19 नवम्बर 2024 (मंगलवार) | मूल्य : 2 रु0 | कुल पृष्ठ संख्या : 4

## गली में बिना बात क्यों घूम रहे हो... सुनते ही कर दिया देसी बम से हमला, मच गई अफरा तफरी



मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर गली में बेवजह घूमने से टोकने पर बुलेट सवार दो युवकों ने मोहल्लेवासियों पर देसी बम से हमला कर दिया। हमले में चार लोग घायल हो गए। इस मामले में मोहल्ले के ही ऋतिक ठाकुर ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामेश्वर कॉलोनी की गली नंबर 12 निवासी ऋतिक ठाकुर ने पुलिस को बताया कि शनिवार दोपहर में वह अपनी गली में घर के बाहर खड़े थे। तभी उनकी ही गली का अनिकेत और प्रेम नगर निवासी विशाल सैनी बुलेट पर सवार होकर आ गए।

ऋतिक ने उन्हें बेवजह गली में घूमने पर टोक दिया तो दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर सुनकर ऋतिक का भाई नितिन और मोहल्ले के ही मयंक, आशीष भी आ गए। सभी ने विरोध किया तो बुलेट सवार अनिकेत व विशाल ने लोगों पर देसी बम फेंक दिया और भाग निकले। बम के हमले से चारों लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। मोहल्ले में बेवजह घूमने पर कुछ लोगों ने टोक दिया था इसलिए आरोपियों ने देसी बम से हमला कर दिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर भूस्वामी को घर में घुसकर जान से मारने का प्रयास किया गया। मारपीट में घायल भूस्वामी को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। पीड़ित के छोटे भाई ने अपने पड़ोसी फिरासत के तीनों बेटों सोबीन, वसीम व राजू के खिलाफ गलशहीद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के बड़ा हाता मीना मस्जिद निवासी समीर ने पुलिस को बताया है कि उनका पड़ोसी सोबीन उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। शनिवार को भी उसने जमीन पर कब्जा का करने का प्रयास किया। उनके बड़े भाई वसीम ने विरोध किया तो सोबीन ने अपने भाइयों वसीम व राजू के साथ मिलकर घर में घुसकर वसीम के साथ मारपीट की। आरोपियों के हमले में वसीम का सिर फट गया और वह बेहोश हो गए। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि नामजद अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पेपर देने एक बाइक से जा रहे थे तीन दोस्त, कार ने मारी टक्कर, एक की मौके पर ही मौत

अमरोहा। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में संभल मार्ग पर मनौटा के निकट तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन छात्रों को टक्कर मार दी। छात्र सिंभावली में पेपर देने जा रहे थे। टक्कर लगने से बीएससी तृतीय वर्ष के तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में लाया गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के आगापुर निवासी आकाश सैनी ( 28 ) को मृत घोषित कर दिया। उसके दो साथी छात्रों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी आकाश सैनी बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र था। वह सिंभावली के डिग्री कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। अब कॉलेज में परीक्षाएं चल रही हैं। गांव मनौटा निवासी अंकित प्रजापति व लुहारी चकोरी निवासी जितेंद्र चौहान भी उसी के साथ पढ़ते थे। सोमवार सुबह तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर परीक्षा देने सिंभावली जा रहे थे। हसनपुर-संभल मार्ग पर मनौटा गांव से निकले ही थे कि इस दौरान गजरौला की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने टेंपो से गजरौला सीएचसी में पहुंचाया।


जहां पर चिकित्सकों द्वारा आकाश सैनी को मृत घोषित कर दिया गया। जितेंद्र चौहान व अंकित प्रजापति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर तीनों के परिजन सीएचसी में आ गए। आकाश सैनी के परिजनों में कोहराम मचा है।

## और न जाने कितने परिसर में है अवैध लिफ्ट ? क्यों नहीं हो रही जांच !

### किस आधार पर संचालित किया जा रहा था बैंक्विट हॉल ? बैंक्विट हॉल के मानक पूरे करने की जिम्मेदारी है कि विभाग की ?



मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाजपत नगर स्थित इब्राहिम शादी हॉल की लिफ्ट गिर जाती है लिफ्ट के गिरने से दो हलवाई सहित दो मजदूर बुरी तरह से घायल हो जाते हैं जिन्हें घटना के बाद एंबुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय लाया जाता है और घायलों की स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है लाजपत नगर स्थित इब्राहिम शादी हॉल में किस आधार पर संचालित की जा रही थी लिफ्ट इसका जवाब किसी के पास नहीं है ।



लिफ्ट के टूटने से चार लोग विकास, सुभाष जुबेर और अरशद घायल हो गए थे यह धमाका इतना तेज था की पूरा बैंक्विट हॉल हिल गया 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई और दो एंबुलेंस के जरिए घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कर दिया गया लेकिन डॉक्टर पवन कुमार ने सभी को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया इस बीच बैंक्विट हॉल में हो रही दावत में अफरा आफरी मच गई और शादी हॉल का संचालक फरार नजर आया।

## ट्रैफिक सुधार में पीछडा मुरादाबाद

### जगह-जगह ट्रैफिक लाइट होने के बाद भी वाहन चालक तोड़ रहे ट्रैफिक सिग्नल

मुरादाबाद । ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर अमदाबाद वाहन चालक और ट्रैफिक पुलिस सिग्नल तोड़ने वालों को नजर कर देती है यूं तो मुरादाबाद शहर में ट्रैफिक लाइट नई-नहीं है आपसे पहले भी कई वर्षों पहले कपूर कंपनी चौराहे वह इंपीरियल चौराहा व संभल चौराहा पर ट्रैफिक लाइट को स्थापित किया जा चुका है किंतु मुरादाबाद के वाहन चालक को ट्रैफिक नियमों की कोई जानकारी नहीं है जिसके चलते धड़ल्ले से वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा देते हैं और ट्रैफिक पुलिस उन्हें पकड़ने में नाकाम रहती है ट्रैफिक पुलिस वाहन चेकिंग में इतनी व्यस्त है की ट्रैफिक लाइट सिगनल तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करती भले ही उनके सामने कोई भी वाहन चालक ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन करके क्यों ना निकल जाए।

## कई अस्पताल संचालकों के पास नहीं है फायर की एनओसी

### ★ 10 बेड के पंजीकृत पर संचालित कर रहे 50 बेड का अस्पताल ★ कई अस्पताल झोलाछापों के हवाले ★ कई अस्पतालों तक नहीं पहुंच सकती फायर ब्रिगेड की गाड़ी

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के झांसी में मेडिकल कॉलेज की आग लगने की घटना के बाद भी जिला प्रशासन की आंख नहीं खुली है जिले में अनगिनत ऐसे कई अस्पताल हैं जिनके पास फायर की एनओसी की बात तो छोड़िए उनके पास आग बुझाने के उपकरण भी मौजूद नहीं है प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में केवल 40 से 50 अस्पताल ही ऐसे मौजूद हैं जहां पर आग बुझाने वाले उपकरण लगे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 बेड की स्वीकृति पर अस्पताल संचालक 50 बेड तक का अस्पताल चला लेते हैं इस तरह के गंभीर प्रकरण से कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत करा दिया गया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में नियुक्त नोडल अधिकारी का साफ कहना है कि हमारा काम थाने पर प्राथमिकी लिखकर देना है अवैध अस्पताल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करना पुलिस का और थाने का कार्य है झोलाछाप की दुकानों पर छापा मारने के बाद सील करने की कार्रवाई की जाती है और प्राथमिकी लिखकर पुलिस को अथवा संबंधित थाने में दे दी जाती है उसके बाद क्या होता है कोई जानकारी नहीं है । इस तरह से कैसे रुकेगा अवैध अस्पताल संचालक का संचालन रख सकेगा कहना मुश्किल है।

### मानकों के जांच करने की जिम्मेदारी किसकी

बैंक्विट हॉल या नर्सिंग होम बनाने के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराने का प्रावधान है किंतु मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी की लापरवाही के चलते सैकड़ो की तादाद में बैंकट हॉल में लिफ्ट का संचालन हो रहा है इसके लिए अग्निशमन विभाग व विद्युत सुरक्षा विभाग से एनओसी भी लेनी पड़ती है और न जाने मुरादाबाद में कितनी लिफ्ट अवैध रूप से संचालित की जा रही होगी इसकी जांच करने वाला कोई नहीं है।

## फिल्मी दुनियां के मशहूर अदाकार 'ए. एम. तुराज़' का शहर मे हुआ स्वागत

मुरादाबाद। फिल्मी दुनियां के मशहूर गीतकार, लेखक और अदाकार 'ए. एम. तुराज़' का निजी कार्यक्रम में महानगर में आगमन हुआ। इस अवसर पर कांठ रोड़ स्थित आमारा होटल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के ज़िला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मुहम्मद जावेद से एक भेंट के दौरान टीबी बीमारी के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से दिए एक संदेश में कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है और संपूर्ण उपचार लेने पर 6 माह में पूर्णत: टीबी रोगी ठीक हो जाता है। सभी सरकारी छोटे बड़े अस्पतालों में जांच और उपचार मुफ्त उपलब्ध है। रोगी को उपचार के दौरान हर माह पोष्टिक आहार लेने के लिए एक हज़ार रुपए बैंक खाते में प्रदान किए जाते है। उन्होंने अपने संदेश में पोलियो उन्मूलन की सफलता को भी याद करते हुए कहा कि एक दिन भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना साकार होगा और भारत शीघ्र टीबी मुक्त देश बन जाएगा ।

ए एम तुराज़ विश्व प्रसिद्ध शायर हैं और देश विदेश में मुशायरा पढ़ने जाते है उन्होंने अपनी बात एक शेर से शुरू की।

ज़िंदगी नाकामियों के नाम हो,

इससे पहले कोई अच्छा काम हो।



ए एम तुराज़ ने बॉलीवुड की कई सुपर हिट फिल्मों के गीत भी लिखे हैं जिनमें हीरामंडी, पद्मावत, रामलीला, बाजीराव मस्तानी, गंगूबाई , गुजारिश शामिल है, उन्होंने बेब सीरीज द एम्पायर के संवाद भी लिखे है। ए एम तुराज़ ने संदेश के अंत में कहा

यूं बंजर पड़े रहते तुम्हारे खेत सदियों तक,

मैं मिट्टी में नहीं मिलता तो फिर बोने को क्या होता।

इस अवसर पर फिल्म डायरेक्टर मुशाहिद हुसैन पाशा व कॉसमॉस हॉस्पिलट के डायरेक्टर डॉ अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## अपनी समस्या एवम् सुझाव हमें भेजें



सुधी पाठकों से अनुरोध है कि वह अपनी समस्यायें एवं समाचार पत्र से सम्बन्धित सुझाव हमें भेजें, हम सभी पाठकों द्वारा भेजे गये पत्रों को अपने समाचार पत्र में अवश्य प्रकाशित करेंगे साथ ही पाठकों की समस्याओं को सम्बन्धित विभाग अथवा अधिकारी तक पहुॅचाने का पूर्ण प्रयास करेंगे जिससे सम्मानित पाठकों की समस्याओं का निदान समय से हो सके। आप अपने सुझाव हमें ई-मेल व वाहट्अप्प पर भेज सकते हैं।

**योगेश कश्यप - सम्पादक**

वाहट्सअप्प नम्बर : 9837161743

ई-मेल :- moradabadprahari@gmail.com

## सम्पादकीय

# महाकुंभ में होगा अद्भुत संगम

*अद्भुत महाकुंभ का साक्षी बनने लुप्त प्राय इंडियन स्कीमर का 150 जोड़ा यहां आ चुका है। संगम की रेती पर रंग बिरंगे इन मेहमानों की कलरव गंगा मइया की कल कल से मिलकर अलौकिक राग छेड़ रही है। इसी बर्ड साउंड थेरेपी के लिए देश विदेश से लोग आने लगे हैं। अभी दुनिया में सबसे तेज उड़ान वाले पेरेग्रीन फाल्कन का भी इंतजार किया जा रहा है। जापान और चीन की बुलेट ट्रेन से तेज रफ्तार वाला यह पक्षी 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में हवा से बातें करता है। संगम क्षेत्र में यह अलौकिक दृश्य प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। वन विभाग भी इस अवसर को महाकुंभ से पूर्व बर्ड फेस्टिवल आयोजित कर सेलिब्रेट करने जा रहा है।*

*प्रयागराज में वन विभाग के आईटी हेड आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि महाकुंभ से पहले ही बड़ी संख्या में अप्रवासी पक्षी प्रयागराज आ रहे हैं। इनके साथ लुप्तप्राय इंडियन स्कीमर और साइबेरियन सारस भी बड़ी संख्या में हैं। इतनी बड़ी तादात में आने वाले देशी और विदेशी पक्षियों की गणना के लिए वाइल्डलाइफ की टीम लगाई गई है जो दिनरात इन पक्षियों की विशेष निगरानी कर रही है। वाइल्डलाइफ के सामुदायिक अधिकारी केपी उपाध्याय ने बताया कि दुनिया भर में लुप्त प्राय इंडियन स्कीमर करीब 150 से अधिक के जोड़ों में संगम किनारे आ चुकी हैं। यह प्रदूषण को रोकने में काफी हद तक मददगार होती है। यही नहीं ये पानी की शुद्धता को बढ़ाने का भी काम करती हैं।*

*महाकुंभ की शुरुआत से पहले ही इतनी बड़ी संख्या में संगम किनारे पहुंचे ये पक्षी देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। इंडियन स्कीमर फिलहाल रेत के टीले पर सुबह शाम आपको टहलते हुए आसानी से दिख जाते हैं। यहां मां गंगा के किनारे शेड्यूल वन की इंडियन स्कीमर, साइबेरियन, ब्लैक क्रेन, सारस जैसी 90 से अधिक प्रजातियों के पक्षी फिलहाल महाकुंभ के स्वागत के लिए आ गए हैं। अभी दो साल पहले प्रयागराज में पेरेग्रीन फाल्कन को भी देखा जा चुका है जिसके महाकुंभ के दौरान पहुंचने की उम्मीद की जा रही है।*

*यह दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी है, जिसकी रफ्तार जापान और चीन की बुलेट ट्रेन से भी अधिक मानी जाती है। यह 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी अधिक तीव्र गति से उड़ने में सक्षम है। इनके अलावा विभिन्न प्रकार के देशी और विदेशी पक्षी संगम को मुफीद मानते हुए महाकुंभ की शोभा बढ़ाने आ चुके हैं। इनमें साइबेरिया, मंगोलिया, अफगानिस्तान समेत 10 से अधिक देशों से ये विदेशी मेहमान महाकुंभ का आनंद बढ़ाने के लिए आए हैं। पक्षी वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रयागराज में बड़ी संख्या में पहुंच चुके इंडियन स्कीमर बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। यह अपने अंडों को बचाने के लिए तरह-तरह के इंतजाम करते हैं। सबसे खास बात यह है कि ये अधिकतर तीन ही अंडे देते हैं। मादा जब अपने पंखों से अंडों को ढक कर उनकी रखवाली करती है तो नर अपने पंखों में पानी भरने जाता है। नर जब वापस लौटता है तो अपने भीगे पंखों से अंडों को नमी देता है।*

*फिर मादा को भेजता है अपने पंखों को नम करने के लिए। भारत में इन्हें पनचीरा भी कहा जाता है, क्योंकि यह पानी को चीरते हुए आगे बढ़ते हैं। इनकी एक चोंच छोटी तो दूसरी बड़ी होती है। साइबेरियन पक्षी गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर टापू को अपना निवास बनाते हैं। इन पक्षियों का आना सर्दियों की शुरुआत का संकेत है। साइबेरिया, मंगोलिया और अफगानिस्तान समेत 10 से अधिक देशों से पहुंचे ये साइबेरियन पक्षी महाकुंभ तक यहां वक्त बिताएंगे। दुनिया में सबसे तेज गति से उड़ने वाला पक्षी पेरेग्रीन फाल्कन भी महाकुंभ के दौरान संगम तट पर देखा जा सकता है। ये बाज की ही एक प्रजाति है। इसकी उड़ान की रफ्तार 300 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक होती है। इसे रॉकेट बर्ड भी कहते हैं। यह आम तौर पर उत्तरी अमेरिका में मिलता है। इसीलिए इसको जापान और अमेरिका की बुलेट ट्रेन से भी ज्यादा तेज उड़ने वाला पक्षी माना जाता है। पक्षी वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष 2022 में इसे संगम के किनारे देखा गया था। माना जा रहा है कि महाकुंभ तक यह संगम की शोभा को बढ़ाएगा।*

# बच्चों की जान बचाने वाले जांबाजों को 11-11 लाख से किया जाए सम्मानित, सपा ने बीजेपी सरकार से की मांग




झांसी। यूपी के झांसी मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग ने दिल दहला दिया। हादसे में 12 मासूमों की जान चली गई, लेकिन कुछ जांबाजों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई बच्चों को बचाया। इन साहसी प्रयासों की सराहना करते हुए समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार से इन्हें पुरस्कृत करने की मांग की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी ने लिखा है कि झांसी की घटना में जिन लोगों ने नवजात बच्चों की जान बचाई, उन सभी को भाजपा सरकार 11-11 लाख रुपये से पुरस्कृत करे। साथ ही भविष्य में समाजवादी पार्टी इन सभी को सम्मानित करेगी।

झांसी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार रात आग के तांडव मचाने के दौरान भगदड़ के बीच कुछ चेहरे ऐसे भी थे, जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर नन्हें मासूमों को बचाया। इनमें से एक हमीरपुर के रहने वाले याकूब भी थे। उन्होंने धुएं और गुबार के बीच मुंह पर कपड़ा बांधकर वार्ड में घुसे और एक-एक करके सात नवजातों को खिड़की से बाहर निकाला। हालांकि वह अपनी जुड़वां बेटियों को नहीं बचा सके। उनकी बीवी नजमा ने आठ दिन में अपनी दोनों जुड़वां बेटियों का चेहरा ठीक तरह से भी नहीं देख पाई थी। याकूब की तरह एक नर्स ने जज्बा दिखाते हुए स्टाफकर्मियों की मदद से 15 बच्चों को बचाकर बाहर निकालन में सफलता हासिल की थी। शुक्रवार को हुई घटना के वक्त नर्स मेघा जेम्स ड्यूटी पर थीं।

अस्पताल के नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में अचानक आग लगने पर जहां एक तरफ अफरा-तफरी मची थी वहीं मेघा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अन्य स्टाफकर्मियों की मदद से करीब 15 बच्चों को बचाने में सफलता हासिल की।

बच्चों को बचाते वक्त मेघा के कपड़ों का एक हिस्सा जल गया लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। मेघा ने घटना का जिक्र करते हुए कहा, मैं एक बच्चे को टीका लगाने के लिए सिरिंज लेने गई थी। जब मैं वापस आई तो मैंने देखा कि (ऑक्सीजन) कंसंट्रेटर में आग लगी हुई थी। मैंने वार्ड बॉय को बुलाया। वह आग बुझाने वाले यंत्र को लाया और आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी।

# दुल्हन की शादी में मां के साथ पहुंची सौतन ने खड़ा किया बखेड़ा, सात फेरों से पहले ही खुली दूल्हे की पोल



बाराबंकी। यूपी के बाराबंकी में शादी से पहले जबरदस्त हंगामा हो गया। ब्यूटी पॉर्लर से निकलकर दुल्हन सीधे मंडप में पहुंची। जयमाल की तैयारियां शुरू हो गई थीं। इसी दौरान एक युवती जयमाल स्टेज पर पहुंच गई। युवती के पहुंचने के बाद सात फेरों से पहले ही दूल्हे की पोल खुल गई। हालांकि बारात उस समय तक नहीं पहुंची थी। जानकारी करने पर पता चला कि दूल्हे ने अपना नाम तो बदल ही दिया पिता के नाम के साथ पता भी बदल डाला। सारी जालसाजी इसलिए कि पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह करना था। मगर बारात आने से पहले वधू पक्ष के घर पहुंची पहली पत्नी और उसकी मां ने पुलिस को बुला ली। पूरा मामला सुनकर लड़की पक्ष के लोग भी हतप्रभ रह गए। हालात की सूचना मिलने पर रविवार को दूल्हा व बाराती बारात लेकर नही पहुंचे।

मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारापुरवा में रविवार को आदर्शनगर जनपद सीतापुर निवासी सचिन कुमार की बारात रविवार को आनी थी। वह अपना नाम-पता बदल कर यहां बारात लेकर आने वाला था। सचिन से अनुराग बने दूल्हे ने अपना ही नाम नहीं बदला बल्कि अपने पिता अरविन्द को अशोक बना दिया। इतना ही नहीं पता सीतापुर के बजाय गोसाईगंज लखनऊ का बताया। उधर पहली पत्नी उससे अधिक चालाक निकली। दूसरी शादी की जानकारी होने पर वह अपनी मां के साथ चंदवारा पुरवा गांव पहुंच गई। सचिन की पहली पत्नी सुमित्रा ने हंगामा करते हुए सफदरगंज पुलिस को मौके पर बुला लिया।

पुलिस ही नहीं लड़की पक्ष के लोगों ने जब सच्चाई सुनी तो सभी हतप्रभ रह गए। उधर जालसाज दूल्हे को राज खुलने की जानकारी हुई तो वह बारात लेकर ही नहीं पहुंचा। जालसाज दूल्हे की पहली पत्नी सुमित्रा ने बताया कि 27 जनवरी 2019 को मेरी शादी सचिन के साथ हुई थी। सचिन व उसके परिजनों द्वारा प्रताड़ित करने के चलते न्यायालय में मामला विचाराधीन है। बहरहाल बारात न आने के कारण अफरातफरी मच गयी और बेटी को आशीर्वाद देने आये जनाती भी वापस लौट गये।

# आरोपियों के घर बुलडोजर कार्रवाई पर हाईकोर्ट की राहत, सरकार ने दाखिल किया जवाब; पढ़ें पूरा मामला




बहराइच। यूपी में बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों पर हाईकोर्ट ने राहत दी है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई 27 नवंबर को नियत की है। मामले में राज्य सरकार ने कोर्ट से मांगा गया जवाब दाखिल कर दिया है। याची ने इसका प्रतिउत्तर भी पेश कर दिया है।


सुनवाई के समय याची का प्रति उत्तर रिकार्ड (फाइल) पर नहीं था। इस पर कोर्ट ने अपने दफ्तर को इसे रिकार्ड पर रखने का आदेश दिया। हालांकि, मामले में कोर्ट ने अभी कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया है। फिलहाल ध्वस्तीकरण नोटिस मामले में 27 नवंबर तक कथित अतिक्रमण कर्ताओं को राहत रहेगी। इससे पहले छह नवंबर को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को मौखिक निर्देश दिया था। सरकार फिलहाल ऐसी कोई कारवाई न करे, जो कानून सम्मत न हो। उधर, सरकारी वकीलों ने भी कानून सम्मत करवाई करने का आश्वासन दिया। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने और याची को इन पर आपत्तियां दाखिल करने का समय दिया था।

मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स संस्था की जनहित याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। याचिका में कथित अतिक्रमणकर्ताओं को बीते 17 अक्तूबर को जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को चुनौती देकर इन्हे रद्द करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि क्या नोटिसें जारी करने से पहले वहां कोई सर्वे किया गया था या नहीं?

क्या जिन्हें नोटिसें जारी हुईं वे लोग निर्मित परिसरों के स्वामी हैं या नहीं? नोटिस जारीकर्ता प्राधिकारी इन्हें जारी करने को सक्षम था या नहीं। इन बिंदुओं के अलावा कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा था कि महराजगंज बाजार की जिस सड़क पर बने निर्माणों को ढहाने की नोटिस जारी हुईं, क्या पूरा निर्माण या उसका कोई हिस्सा अवैध निर्माण था या नहीं? राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद शाही मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ पेश हुए और कोर्ट को वांछित जानकारी दी। बता दें कि बहराइच के महाराजगंज में 13 अक्तूबर को हिंसा के बाद रामगोपाल मिश्रा की हत्या हो गई थी। इसके बाद वहां महाराजगंज के कथित अतिक्रमणकर्ताओं के निर्माणों को ढहाने की नोटिसें उन्हें जारी की गईं थीं।

# टीएमयू के बी फार्मा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

## परिवार के लोग थे बाहर, कमरे में पंखे के कुंदे से रस्सी का फंदा बनाकर झूला



पाकबड़ा। टीएमयू के बी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र ने रविवार की शाम को अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। घर के बाहर मौजूद छोटे भाई ने अंदर आकर बड़े भाई को फंदे पर लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। तत्काल आसपास के लोगों को बुलाकर उसे फंदे से उतारा और उसे लेकर टीएमयू पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने बी. फार्मा छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर पहुंच गई। पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद पर परिजन अड़े रहे और शव घर ले आए। थाना क्षेत्र के गांव महलकपुर माफी निवासी नारायण चंद्र विश्वास बंगाली क्लीनिक के नाम से गांव में क्लीनिक चलाते हैं। वह रविवार की शाम को पत्नी के साथ पाकबड़ा बाजार से सामान लेने के लिए गए थे। छोटा बेटा सुमित घर के बाहर था। इस दौरान बड़े बेटे नीलेश विश्वास ?(23 वर्ष) ने घर के अंदर कमरे में पंखे के कुंदे में रस्सी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गया। जब छोटा भाई घर में घुसा तो उसने देखा कि भाई रस्सी पर लटका हुआ था। यह देखकर उसकी चीख निकल गई। उसने तत्काल आसपास के लोगों घर पर बुलाकर लाया और फंदे से उतार कर तुरंत उसे टीएमयू लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद पर अड़ गए और शव घर ले आए।

सूचना मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर मौके से सभी साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने बताया कि नीलेश टीएमयू में बी. फार्मा का प्रथम वर्ष का छात्र था। नीलेश की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर, गांव में चर्चा है कि मृतक छात्र का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

# मुख्य सचिव की बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर लिये गये सार्थक निर्णय



लखनऊ। लोकभवन स्थित मुख्य सचिव के सभागार में संपन्न हुई बैठक में दीप कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक, एम देवराज प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक तथा स्थानीय निकाय ,एम डी राज्य सड़क परिवहन विभाग ,स्वास्थ,सिंचाई सार्वजनिक उपक्रम आदि विभाग के सचिव/विशेष सचिव आदि तथा मोर्चा की ओर से वी पी मिश्रा अध्यक्ष, शशि कुमार मिश्रा महासचिव ,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत महामंत्री अतुल मिश्रा ,रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा ,राज्य निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मनोज मिश्रा महामंत्री घनश्याम यादव,राम कुमार धानुक महासंघ जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ , जी एम सिंह अध्यक्ष राजकीय ऑप्टोमेट्री संघ विजय कुमार द्विवेदी अध्यक्ष अवधेश मिश्रा महासचिव माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ आदि उपस्थित थे। वेतन समिति की जल्द बैठक करके लैब टेक्नीशियन ,फार्मासिस्ट एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग की वेतन विसंगतियों पर सार्थक निर्णय करेंगे।

स्थानीय निकाय कर्मचारी सेवा नियमावली कैडर पुनर्गठन ,दिसंबर 2001 तक के दैनिक कर्मचारियों को नियमित करने पर जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांगों पर पूर्व में हुई है समझौतो को लागू किया जाएगा।

# बिना फायर एनओसी चल रहा मुरादाबाद जिला अस्पताल, चार माह पहले लग चुकी आग




मुरादाबाद। झांसी के मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात लगी आग में कई बच्चों की जान चली गई। मुरादाबाद में भी कई अस्पताल ऐसे हैं, जिनके पास फायर एनओसी नहीं हैं। हैरानी की बात यह है कि मुरादाबाद का जिला अस्पताल भी बिना फायर एनओसी के चल रहा है। यहां आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सीएमओ कार्यालय में जिलेभर में 500 से ज्यादा अस्पताल, लैब और क्लीनिक पंजीकृत हैं। हैरानी की बात है कि फायर विभाग से 100 से भी कम अस्पतालों ने एनओसी ले रखी है। बाकी अस्पताल बिना एनओसी के चल रहे हैं।

पिछले दिनों फायर विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीमों ने अभियान चलाकर अस्पतालों को चेक किया था। जिन अस्पतालों के पास एनओसी नहीं है, उन्हें नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बाद कुछ ही अस्पताल संचालक आगे आए और उन्होंने फायर विभाग से एनओसी ली। बाकी अस्पताल अभी ऐसे रामभरोसे ही चल रहे हैं। जिला अस्पताल भी बिना फायर एनओसी के चल रहा है। इसके कारण हमेशा मरीज और तीमारदारों की जिंदगी को खतरा बना रहता हैं। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

बावजूद इसके अस्पताल संचालक एनओसी नहीं ले रहे हैं। 100 से भी कम अस्पतालों के पास एनओसी है। कुछ माह पहले जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लग गई थी। तब जिला अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर एनओसी लेने के लिए कहा गया था। जिला अस्पताल की ओर से एनओसी मांगी गई थी , लेकिन निरीक्षण में खामियां मिलने पर एनओसी नहीं दी थी। चार महीने पहले जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बने सीटी स्कैन कक्ष के पास वाले कमरे में बैटरियों के फटने से आग लग गई थी। एक-एक करके 34 बैटरियां फट गई थीं। थोड़ी ही देर में पूरे ट्रॉमा सेंटर में आग की लपटें और धुआं छा गया था और भगदड़ मच गई थी। इस धमाके के बाद कई दिन तक सीटी स्कैन नहीं हो सके थे और मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी थी। इसके बाद भी जिला अस्पताल प्रबंधन आग से बचाव के इंतजाम को लेकर संवेदनशील नहीं है।

# गजरौला रेलवे स्टेशन पर हंगामा

## महिला सिपाही ने बाइक हटाने को कहा उखड़ा शिक्षक, बाद में पता चला नशे का असर है




अमरोहा। गजरौला में शराब के नशे में शिक्षक ने प्लेटफॉर्म पर बाइक खड़ी करने से इनकार पर आरपीएफ की महिला सिपाही से अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। आरपीएफ ने शिक्षक का रात में ही मेडिकल कराया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शिक्षक को जमानत पर छोड़ा गया। मामला शनिवार रात 10.30 बजे का है। आरपीएफ थाने में तैनात एक महिला सिपाही प्लेटफार्म एक पर गश्त कर रही थी। इस बीच एक 50 वर्षीय शख्स ने प्लेटफॉर्म पर आकर बाइक आकर रोकी। तभी स्टेशन पर नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी।

महिला सिपाही ने बाइक के कारण सवारियों की परेशानी का हवाला देते हुए हटाने को कहा। आरोप है कि सवारियों के सामने बाइक सवार ने महिला सिपाही के साथ अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। काफी समझाने पर भी वह नहीं माना। सूचना पाकर आरपीएफ थानाध्यक्ष आशीष कुमार पर पहुंच गए। उन्होंने बाइक सवार हरीश कुमार निवासी दूल्हेपुर अहीर के खिलाफ महिला सिपाही से अभद्र शब्दों के इस्तेमाल करने व रेलवे एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसका मेडिकल कराया। मेडिकल में शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। जानकारी करने पर पता चला कि हरीश कुमार शिक्षक है। वह इंटर कॉलेज में पढ़ाता है। उसे आरपीएफ ने जमानत पर छोड़ दिया।

# कुंदरकी में हो पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी में मतदान

## सपा सांसद ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र




मुरादाबाद। बदायूं से सपा सांसद आदित्य यादव ने रविवार को कुंदरकी उपचुनाव को लेकर यूपी पुलिस पर सत्ता पक्ष के दबाव में सपा के वोटर और समर्थकों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। आदित्य यादव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में पैरामिलिट्री फोर्स की सुरक्षा में मतदान करने की मांग की है। इसी मांग को लेकर सपा का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में भी चुनाव आयोग से मिलेगा। सपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के प्रचार में आए बदायूं सांसद आदित्य यादव सत्ता के दबाव में पुलिस प्रशासन के रवैये को लेकर परेशान हैं। उन्होंने रविवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में कहा कि कुंदरकी उपचुनाव में सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को जिताने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के नियमों की जिस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, ऐसे में स्थानीय पुलिस के सहारे निष्पक्ष चुनाव होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा कि कुंदकरी विधानसभा में उपचुनाव में स्थानीय पुलिस भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए सपा कार्यकर्ताओं और वोटरों पर ज्यादती कर रही है। उन्होंने स्थानीय स्तर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों पर अपनी मनमानी करने का भी आरोप लगाया है। ऐसे में स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इसके लिए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शीर्ष नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी लखनऊ चुनाव आयोग से मिलकर पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में कुंदरकी में मतदान कराने की मांग करेगा।

# जनसभा की नहीं मिली इजाजत, पुलिस से भिड़े सांसद चंद्रशेखर आजाद... गाड़ी के ऊपर खड़े होकर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



मुरादाबाद। चुनावी जनसभा करने पहुंचे चंद्रशेखर आजाद को कार्यक्रम की इजाजत नहीं मिली। चंद्रशेखर आजाद जनसभा स्थल पर पहुंच कर गाड़ी के ऊपर खड़े होकर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करने लगे तो मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने यहां 10 से ज्यादा गाड़ियां जमा होने पर आपत्ति जताई तो चंद्रशेखर आजाद ने पुलिस वालों को भीड़ से रास्ता दिलाते हुए अपने सामने बुलवा लिया। उन्होंने पूछा कि यह किस नियम से यहां गाड़ियां नहीं रुकने दे रहे है। थाना मूंढापांडे के इंस्पेक्टर ने कहा कि यहां से आप कुंदरकी जाएंगे तो सिर्फ दस गाड़ियां आपके साथ जा सकती हैं। बाकी गाड़ियां यहां न रुकें। इस पर चंद्र शेखर ने कहा हम सब ले जा रहे हैं तो भीड़ ने शोर मचा दिया। इसके बाद चंद्रशेखर ने कहा कि बाकी गाड़ियां एक-एक करके यहां से कुंदरकी चले जाओ हम सबसे बाद में आएंगे। चंद्रशेखर आजाद ने नाराज होते हुए पुलिस से कहा कि आपने कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है। हमें कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी जा रही है यह तानाशाही है। हमें इन से संघर्ष करना पड़ेगा। चंद्रशेखर आजाद ने इंस्पेक्टर से कहा कि आपके पास कोई नोटिस है तो मुझे दीजिए। आप हमें कार्यक्रम की परमिशन भी नहीं दे रहे हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी, पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी नहीं चलेगी।

चंद्रशेखर आजाद पुलिस पर भड़क पड़े और कहा कि यह बड़े-बड़े ट्रक तो तुमसे रुकते नहीं हैं। हमारी कारों को रुकवा रहे हो सरकार डर गई है। बात बढ़ती देख भीड़ में से आज़ाद समाज पार्टी के एक नेता आए और पुलिस इंस्पेक्टर के कान में कुछ कहा जिसके बाद पुलिस वहां से चली गयी और चंद्रशेखर आजाद ने अपने कार्यकर्ताओं को वहां से गाड़ियां ले जाने के लिए कहा और उनके कार्यकर्ता एक-एक कर अपनी गाड़ियां लेकर वहां से चले गए। सबसे बाद में चंद्रशेखर आजाद अपनी गाड़ी लेकर यहां से रवाना हो गए। इसके बाद चंद्रशेखर आजाद ने कुंदरकी में एक छोटा सा रोड शो किया और उसके बाद वह रामपुर के लिए निकल गए।

# मतदान के चलते 20 नवंबर को बदले मार्ग से चलेंगे वाहन, पुलिस ने तैयार किया डायवर्जन प्लान




मुरादाबाद। जिले की कुंदरकी विधान सभा में 20 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। जिसके लिए पुलिस द्वारा मतदान के दिन के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया है। जिसके तहत 20 नवंबर को सुबह 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक बदले हुए मार्ग से वाहन चलेंगे। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने डायवर्जन प्लान को सख्ती से लागू किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उपचुनाव के चलते मुरादाबाद से संभल जाने वाले भारी वाहन गागन तिराहा-संभल कट-पुराना टोल प्रथम से जोया-अतरासी-हसनपुर से होकर सम्भल जायेंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। मुरादाबाद से बिलारी चंदौसी की तरफ जाने वाले भारी वाहन गागन तिराहा कट-रामपुर-शाहबाद-बिलारी होकर चंदौसी जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। इसी तरह अमरोहा से संभल जाने वाला भारी वाहन गजरौला, अतरासी-हसनपुर-संभल-चंदौसी होते हुए बिलारी जाएंगे व इसी मार्ग से वापस आएंगे।


जनपद बरेली-रामपुर से संभल जाने वाला भारी वाहन शाहबाद से बिलारी चंदौसी होते हुए संभल जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। काशीपुर से दलपतपुर होकर मुरादाबाद आने वाला भारी वाहन डूंगरपुर चौराहा से सिरसवां दोराहा से अपने गंतव्य पर जाएंगे तथा रामपुर जाने वाला भारी वाहन डूंगरपुर चौराहे से टांडा होकर रामपुर जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह के पक्ष में कई स्थानों पर जनसभाएं की। प्रचार के दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने पर क्षेत्र में विकास की गंगा बहने का दावा भी किया। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश को सुरक्षा कवच पहना रखा है। जिसके चलते कुंदरकी की जनता रामवीर सिंह को जिता कर विधानसभा में भेजेगी।

रविवार को कुंदरकी उपचुनाव में एनडीए एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ठाकुर रामवीर सिंह के समर्थन में रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को असुरक्षा के भंवर से बाहर निकाला है। इसलिए आज उत्तर प्रदेश में हो रहे चुनाव में एनडीए का पलड़ा भारी है। जनता का रुझान योगी आदित्यनाथ के हाथों को और मजबूत करने के लिए भाजपा के साथ है। कुंदरकी से एनडीए एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामवीर सिंह की हर वर्ग में अच्छी पकड़ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता अब किसी बहकावे या भ्रम में आने वाली नहीं है। विपक्ष द्वारा जनता को गुमराह करने और विभिन्न क्षेत्रों में बांटने की साजिश ध्वस्त हो गई है।

प्रदेश अब विकास के रास्ते पर तेजी से आगे कदम बढ़ा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र के नारे सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को सरकार ने मूल रूप दिया है। विधानसभा के उम्मीदवार ठाकुर रामवीर सिंह जनसंचार को लेकर हर मुद्दे पर संघर्ष किया है। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी को साफ सुथरी छवि व्यक्तित्व है। इसके कारण जनता के बीच में समर्थन में उत्साह दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी चुनाव वाले क्षेत्रों में जुटे हैं। इस दौरान रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश सचिव राजवीर सिंह गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा अभिनव चौधरी, अनिल चौधरी, हिमाचल सिंह तेवतिया, कर्मेंद्र सिंह कसाना, समीर सैफी, राहुल राणा, मनोज गुप्ता, सुखेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया प्रेमी युगल, ग्रामीणों ने बनाई वीडियो



डिलारी। क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी युगल आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। जिसकी ग्रामीणों ने वीडियो बना ली। बाद में प्रेमी युगल को पकड़कर ग्रामीणों ने थाना डिलारी पुलिस को सौंप दिया। मामला निपटने को लेकर पंचायत बैठी। जिसमें बिना युवती की रजामंदी के पंचायत ने युवक के पक्ष से लड़की पक्ष को 3 लाख रुपये देने का फरमान सुनाया। मगर युवती लड़के से शादी की जिद पर अड़ी रही। वहीं पुलिस में मामले में दोनों पक्षों में समझौता होने व तहरीर न मिलने की बात कही।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव की युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से चोरी छुपे मिलते रहे। इस बीच दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी बन गए। रविवार को जब एक खाली पड़े मकान में प्रेमी युगल रंगरलियां मना रहा था तभी ग्रामीणों ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया और उनकी वीडियो बना ली। मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया। साथ ही पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। गांव में पूरा दिन पंचायत का दौर चला। युवती प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी रही। बाद में पंचायत ने बिना युवती की सहमति के युवक पक्ष से युवती पक्ष को 3 लाख रुपये देने का फरमान सुनाया। वहीं इस फैसले से युवती रजामंद नहीं थी। इस संबंध में थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि प्रेमी युगल बालिग हैं। समझौता न होने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक योगेश कुमार कश्यप के लिए ए.एच. प्रिंटर्स, ए-11 असालतपुरा लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद से छपवाकर कार्यालय ''मुरादाबाद प्रहरी'' (हिन्दी साप्ताहिक) म.नं. 1087 पीतल बस्ती, निकट बिजली घर के पास, रामपुर रोड, मुरादाबाद (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं वितरित किया गया। सम्पादक : योगेश कुमार कश्यप मोबाइल : 9837161743 E-mail : moradabadprahari@gmail.com, RNI No. UPHIN/2021/83522
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिंदू इकोनामिक फोरम ने मुरादाबाद के व्यापारी के लिए शुरू किया प्लेटफार्म





मुरादाबाद। मुरादाबाद में डिजाइनको एक्सपोर्ट फॉर्म में प्रारंभ हुई कार्यशाला में हिंदू संस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए किया गया। छोटे व्यापारियों को साथ जोड़ने के लिए नई पहल प्रारंभ की । भारत में काफी समय से हिंदू व्यापारी काफी नीचे जा चुका है यदि आपसी 100 साल पहले व्यापार को देखा जाए तो हिंदू व्यापारी 35त्न पर था लेकिन आज की दशा में हिन्दू कारोबार 5त्न तक पहुंच गया है स्वामी विजयआनंद के द्वारा पहले ही इस योजना पर कार्य योजना तैयार कर ली गई है।



## अश्लीलता को लेकर हंगामा

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कैफे को घेरा, बड़ी संख्या में पुलिस तैनात

मुरादाबाद। मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में रविवार को दोपहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हॉट कैफे में आए दिन गलत हरकत होती रही है। अश्लीलता के चलते स्थानीय लोग परेशान हैं।

बताया जा रहा है कि दोपहर में वहां कुछ युवक-युवतियों को अश्लीलता करते देखा भी गया था। इसी के बाद से आसपास के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया था। कुछ ही देर में सूचना मिलने पर बजरंग दल के लोग भी पहुंच गए थे। भीड़ जुटने पर रामगंगा विहार चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। चौकी इंचार्ज कुलदीप राणा का कहना है कि कैफे तो पहले से ही बंद चल रहा है। इसमें ताला लगा है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल के लोग कैफे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिस पर उन्होंने विरोध जाता रहे लोगों से लिखित में शिकायत मांगी है।

उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र मिलेगा तो वह प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। चौकी इंचार्ज ने कहा कि कैफे में कोई भी अश्लील हरकत करने का मामला नहीं है और न ही कोई इस तरह की गतिविधि में शामिल पाया गया है।

### अखिलेश यादव ने अपने एक्स पर किया मुरादाबाद का फोटो पोस्ट

## लिखा : यह चीन की सीमा नहीं... कुंदरकी का उपचुनाव है, मुरादाबाद पुलिस का गश्त करते वीडियो किया पोस्ट




मुरादाबाद। वोटिंग को कम करवाने की साजिश रची जा रही है। चुनाव आयोग से चेतावनी भरा आग्रह है कि वह इसे नाकाम करें। जनता का कानून व्यवस्था से भरोसा उठ गया है। जनता का विश्वास जीतने के लिए दल-बल की परेड कराई जा रही है। इस युद्ध स्तरीय तैयारी को देखकर इसे चीन की सीमा समझने की भूल न करें। यह कुंदरकी है, जहां विधानसभा का उपचुनाव है। मुरादाबाद पुलिस का कुंदरकी में गश्त करते हुए एक वीडियो शेयर कर यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखीं।

अखिलेश ने सोशल मीडिया के जरिये कहा कि भाजपा राज में चुनाव को लेकर इतनी धांधली हो रही है कि प्रदेश की जनता का कानून-व्यवस्था से भरोसा उठ गया है। मन से डर निकालने की नहीं, मन में डर डालने के लिए परेड कराई जा रही है। जिससे सत्ताधारी दल को चुनाव में बल मिले और जनता कम से कम वोट डाले और चुनावी घोटाला करने में आसानी हो। घोटाले के गवाह कम हो सकें, लेकिन इन सबके बाद भी जनता ने ठान लिया है कि वो बाहर आएगी और भाजपा को हराने-हटाने के लिए वोट करेगी।

अखिलेश ने आगे लिखा कि इस संबंध में चुनाव आयोग से चेतावनी भरा आग्रह है कि वह वोटिंग कम करवाने की इस साजिश को नाकाम करें। इस बार जनता अपने मोबाइल कैमरों के साथ तैनात रहेगी और गड़बड़ी करने वाले किसी भी स्तर के व्यक्ति को कोर्ट तक ले जाकर दंड दिलवाकर ही मानेगी।


जनता ने मतदान भी, सावधान भी का नारा स्वीकार कर लिया है और अपने वोट की रक्षा के लिए सब कुछ करने को तैयार है। इस बार भाजपाई चुनावी घोटालेबाज अपनी खैर मनाएं। अखिलेश यादव की इस पोस्ट को सपा कार्यकर्ता भी फॉरवर्ड कर रहे हैं। आजाद समाजवादी पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि कुंदरकी विधानसभा के अल्पसंख्यक मतदाता एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में वोट करें। यहां से चांद निकलने यानी पार्टी प्रत्याशी चांद बाबू को जीतने से कोई नहीं रोक सकता।

चंद्रशेखर ने रविवार को पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में वीरपुर थान में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अल्पसंख्यक वोटों का बंटवारा करने में लगे हैं। जनता को ध्यान रखना होगा। यदि जनता ने एकजुट होकर मतदान किया तो कुंदरकी में चांदबाबू को जीत मिलेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारी पार्टी के बढ़ते जनाधार से सरकार घबरा रही है। वह लोकसभा में अल्पसंख्यकों की आवाज उठा रहे हैं, लेकिन विधानसभा में पार्टी का कोई विधायक नहीं है। उन्होंने कहा कि वह आजम खां के बेटे अब्दुल्ला से मिलने जेल गए थे।

पूर्व मंत्री आजम खां का नाम लिए बगैर कहा कि उनके बुरे हालात हैं। रामपुर में उनका परिवार दुखी है। वह अपनी लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक तथा दलितों को फार्मूला समझाते हुए कहा कि वोटों का बंटवारा नहीं हुआ तो चांदबाबू की जीत निश्चित है।

सांसद ने झांसी मेडिकल कॉलेज में बच्चों की मौत को प्रदेश सरकार की लापरवाही बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, सचिन कुमार, रजनीश, जितेन्द्र सिंह, प्रत्याशी चांदबाबू बाबू आदि उपस्थित थे।

## मुरादाबाद में दो पक्षों में विवाद, नाराज लोगों ने घरों के बाहर लगाए पलायन के पोस्टर




मुरादाबाद। मुरादाबाद के कटघर के मेहबुल्ला गंज में डिप्टी जगन्नाथ सिंह मंदिर वाली रोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की सुगबुगाहट से हड़कंप मच गया। नाराज होकर मोहल्ले के 20-25 लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। पोस्टर में लिखा हैकि मैं अपने परिवार सहित पलायन करा हूं। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई। मोहल्ले में पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति का लोगों से विवाद चल रहा है। इसके कारण कई बार पुलिस को भी आकर मामले को शांत करना पड़ा। मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति अपना मकान बेचना चाहता है।

उनका शिशु मंदिर के पास ही दो मंजिला मकान है। मोहल्ले वालों का कहना है कि राहुल गुप्ता हिंदू समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने को तैयार नहीं हैं। वह दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचना चाहते हैं। मोहल्ले के लोगों ने कहा कि इस मामले को पहले भी सिटी मजिस्ट्रेट, कटघर सीओ व एसपी सिटी के सामने रख चुके हैं। कही सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए। लोगों का कहना है कि मोहल्ले के ही कई लोग मकान की अच्छी कीमत देने को तैयार हैं, लेकिन मकान मालिक दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की जिद पकड़े है। मोहल्ले के रामजी ने बताया कि शिशु मंदिर का रास्ता लाजपतनगर पुलिस चौकी के बराबर से है। यह पूरा क्षेत्र दूसरे संप्रदाय का हो चुका है। इस कारण छात्र-छात्राओं को शिशु मंदिर तक आने-जाने में आए दिन विवाद होता रहता है। इसकी पहले शिकायतें भी हुई हैं। इसी विवाद के चक्कर में अधिकांश बच्चे अब डिप्टी साहब के मंदिर परिसर से होकर स्कूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि राहुल गुप्ता का मकान दूसरे संप्रदाय के लोग खरीदें अन्यथा विवाद हो जाएगा। दरवाजे पर पलायन करने के पोस्टर लगाने वाले अंशू व रामवती ने कहा कि प्रशासन उनके मामले में सुनवाई नहीं कर रहा है।

यदि दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचा गया तो वह लोग पलायन कर जाएंगे। यही बात रॉबिन, प्रेमराज, कैलाश गिरि, राम सिंह, बल्लू राम, विभव सिंह भी कही। यहीं पर आनंद की पॉलिश फैक्ट्री है, वह कहते हैं कि उनके मोहल्ले में दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति ने मकान खरीदा तो वह भी पलायन कर जाएंगे। सभी लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

एसपी सिटी के कहने पर मुहल्ले के लोग शनिवार शाम चार बजे कटघर थाने पहुंचे। यहां सीओ कटघर अश्वनी सिंह, थानाध्यक्ष संजय कुमार, लाजपतनगर चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार थे। मोहल्लेवालों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश प्रजापति, वार्ड-48 के पार्षद कुलदीप नारायण व लाजपतनगर के पार्षद विवेक शर्मा भी थाने गए।

इनके साथ मोहल्ले के शिशु मंदिर स्कूल के प्रबंधक देवराज सिंह, विनोद सक्सेना, नीरज गुप्ता, राम जी राम, निवेश गुंबर, धीरशांत दास अर्द्धमौनी थे। रामजी ने बताया कि सीओ व थानाध्यक्ष ने कहा है कि कुंदरकी उपचुनाव होने के बाद 24 नवंबर को मामले का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवादित मकान के भूतल को अभिनंदन ने किराए पर ले रखा है। इसी भवन में वह हैंडीक्रॉफ्ट का काम करते हैं। प्रथम तल के सभी कमरे खाली हैं। कुछ वर्ष पहले ऐसा ही एक मामला लाजपतनगर में आया था, वहां भी एक व्यक्ति ने दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेच दिया था। रजिस्ट्री होने के बाद जब मोहल्ले के लोगों को पता चला तो उन लोगों ने काफी विरोध जताया था। प्रशासन को भी ज्ञापन दिया था।

## राज्यमंत्री ने पिता की दुकान पर चलाया हथौड़ा-यह आखिरी निशारी कह रो पड़ीं गुलाब देवी; अतिक्रमण की जद में थी



चंदौसी। चंदौसी में नगर पालिका परिषद की ओर से पिछले एक सप्ताह से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। इस बीच माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने सुभाष रोड स्थित अपने पिता स्वर्गीय बाबूराम की दुकान पर खुद हथोड़ा चला कर नागरिकों को अभियान में सहयोग करने का संदेश दिया। सुभाष रोड पर उनके आवास के निकट स्थित दुकान में राज्य मंत्री के पिता कपड़ो पर प्रेस करने का कम करते थे। करीब चालीस साल तक उन्होंने इस दुकान पर काम किया था। अतिक्रमण की जद में उनकी दुकान भी आ गई। रविवार को राज्य मंत्री ने दुकान पर खुद हथौड़ा चला कर दुकान को धवस्त करने की शुरुआत की। इस दौरान राज्यमंत्री की आंखें नम हो गई। राज्यमंत्री ने कहा कि यह दुकान उनके पिता कि निशानी थी। कहा कि अपना शहर साफ स्वच्छ और स्वस्थ हो। इस मंशा से अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। इस दौरान डीएम राजेंद्र पैंसिया, डिप्टी कलक्टर व ईओ विनय मिश्रा उपस्थित रहे।

पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जेसीबी ने जगह-जगह फोड़फोड़ की। लोग स्वयं ही अपने मकान और दुकान के आगे का अतिक्रमण हटाने में लगे हैं। मालगोदाम रोड पर स्टेशन से सड़क की दूसरी साइड बनीं दुकानें, बीयर बार और मकान तोड़ने की चेतावनी दी गई है। वहीं फव्वारा चौक, मुंसिफ रोड, सुभाष रोड समेत शहर के प्रमुख हिस्सों में अतिक्रमण ध्वस्त किए गए हैं। कई जगह टीम की नोकझोंक भी हुई। शनिवार को मुंसिफ रोड से अभियान शुरू हुआ। डिप्टी कलक्टर व कार्यवाहक ईओ विनय मिश्रा की अगुवाई में पैमाइश की गई। न्यायालय के सामने बनी पालिका की दुकानें और सड़क किनारे अधिवक्ताओं के चेंबर को अवैध बताते हुए हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम शक्तिनगर, बहजोई रोड, यातायात चौराहा, संता मिल रोड होते हुए फिर मुंसिफ रोड पहुंची। सब्जी विक्रेताओं से फड़ हटाने के लिए कहा।

उन्हें मुंसिफ रोड पर खाली जगह फड़ रेहड़ी लगाने के लिए कहा। यूनियन बैंक को जल्द खाली करने के लिए कहा गया है। जिससे उसके अगले हिस्से को तोड़ा जा सकें। इसके अलावा शक्तिनगर में मकानों के हिस्सों पर लाल निशान लगाए गए। इन्हें तोड़ने के लिए कहा है, साथ ही चेतावनी दी कि अगर वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो पालिका की जेसीबी खुद निर्माण ध्वस्त करेगी।

नौ दिन से चल रहे इस अभियान में फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, मुंसिफ रोड, बदायूं चुंगी समेत कई स्थानों पर पालिका की संपत्ति अतिक्रमण की जद में बताई गई है। वर्षों पूर्व इन दुकानों को आवंटन कर पालिका द्वारा लाखों रुपये न्यारे बारे कर लिए गए। सीधे साधे लोगों का फायदा उठाकर उन्हें बैनामे कर दिए, लेकिन अब सभी दुकान अवैध बताकर तोड़ी जा रही हैं। आलम हैं कि दुकानदार हाथों में कागजात लेकर अपनी बात कहना चाहते हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सिर्फ उन्हें चेतावनी दी जा रही है। शहर का मुंसिफ रोड और संता मिल वाले रास्ते के अतिक्रमण को चिन्हित किया गया। बीस से तीस फीट तक अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क का चौड़ीकरण होगा। साथ ही नाले का निर्माण भी होगा। इससे जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

फव्वारा चौक को शहर का दिल कहा जाता है। बीते दस दिन पहले तक फव्वारा चौक गुलजार था। सुबह से लेकर शाम तक यहां भीड़ भाड़ दिखाई देती थी। अतिक्रमण विरोधी अभियान के बाद से अब यहां सिर्फ खालीपन नजर आ रहा है। शाम होते ही अंधेरा पसर रहा है। अधिकांश दुकानें टूट चुकी हैं। यही स्थिति स्टेशन के सामने नजर आ रही है। यहां भी देररात तक सब गुलजार रहता था, लेकिन यहां भी अब शाम होते ही सूनापन दिख रहा है। लोग कह रहे हैं कि शहर क दिल उजड़ गया है। अतिक्रमण अभियान के दौरान पूरा शहर जाम से जूझता रहा। अभियान के दौरान फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, स्टेशन रोड, संभल गेट, मालगोदाम रोड, आजाद रोड, बहजोई रोड, शक्तिनगर, मुंसिफ रोड पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को जाम में फंस कर परेशानी का सामना करना पड़ा।